# हेरिटेज संरक्षण और संवर्धन पर हुई चर्चा, बीकानेर कला केन्द्र बनेगा : कलेक्टर

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर शहर के हेरिटेज सरंक्षण एवं संवर्धन के लिए गठित जिला स्तरीय हेरिटेज कमेटी की पहली बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने हेरिटेज रूट पर साफ-सफाई, पर्यटकों के लिए उस्ता कला आधारित स्मृति चिन्ह बनाने, मोलेला आर्ट की तर्ज पर बीकानेर के मिट्टी कलाकारों के साथ नई कलाकृति विकसित करने एवं जवाहर कला केन्द्र की तर्ज पर यहां के लोक कलाकारों एवं कारीगरों की कला प्रदर्शनी के लिए बीकानेर कला केन्द्र विकसित करने की योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पुराने शहर के प्राचीन नक्शों को भी सरंक्षित करने की योजना बनाने के लिए कहा।



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय हेरिटेज समिति की बैठक को संबोधित किया।

- जयपुर में जवाहर कला केन्द्र की तर्ज पर बीकानेर कला केन्द्र विकसित करने की योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए
- जिला स्तरीय हेरिटेज समिति की पहली बैठक आयोजित

कमेटी के सदस्य सचिव एवं नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष ने बताया कि बीकानेर के हेरिटेज संरक्षण की निगरानी और मूल्यांकन सहित हेरिटेज से जुड़े विभिन्न कार्यों के सम्पादन के लिए नगर निगम में हेरिटेज सेल का गठन किया जा चुका है। हेरिटेज सेल में कैमल फेस्टिवल के दौरान बीकानेर के पुराने शहर में हेरिटेज वॉक का भव्य आयोजन किया गया तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम की झांकी, बीकानेर हेरिटेज को केन्द्र में रखकर प्रदर्शित की गई। जिसे प्रथम स्थान मिला।

उन्होंने बीकानेर हेरिटेज वॉक की जानकारी देशी-विदेशी पर्यटकों तक पहुंचाने के लिए रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, होटल, होर्डिंग्स एवं सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों पर ब्रांडिंग करने की योजनाओं के बारे में बताया।

बीकानेर हेरिटेज सेल के सदस्य एवं हेरिटेज विशेषज्ञ गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि बीकानेर हेरिटेज सेल द्वारा बीकानेर की हवेलियों को संरक्षित करने के लिए उपनियम बनाए जायेंगे। हेरिटेज सेल द्वारा बीकानेर आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों के लिए बीकानेर के प्रमुख सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थानों की जानकारी के लिए वेबसाइट एवं ऐप भी विकसित किया जायेगा।

बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता ने बताया कि बीडीए द्वारा बीकानेर हेरिटेज रूट पर साईनेज, रात्रि टूरिज्म एवं लाईटिंग का प्रबंधन किया जायेगा। बीकानेर हेरिटेज संरक्षण के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहे विशेषज्ञों एवं संस्थाओं के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जायेगा।

बैठक में राजस्थान राज्य अभिलेखागार के निदेशक डॉ. नितिन गोयल, नगर निगम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ललित कुमार ओझा, संयुक्त निदेशक (पर्यटन) अनिल राठौड़, नगर निगम सचिव सुमन राठौड़, वित्तीय सलाहकार धीरज जोशी, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के शंकरदत्त हर्ष, सहायक नगर नियोजक सुनील कुमार, स्वास्थ्य अधिकारी ओमप्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान :** नशीली दवाओं के दुरूपयोग और तस्करी के खिलाफ 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके तहत नशा मुक्त भारत अभियान और नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिये विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित होंगी।

जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिये विभिन्न कार्यक्रम किये जायेंगे।

इसके तहत नुकक्ड़ नाटक, आर्ट व क्राफ्ट गतिविधियों के तहत पोस्टर मेकिंग, पोस्टर व स्लोगन, दीवार पर नशे के विरूद्ध पेंटिंग, मिनी मैराथन, कार्यशाला, संवाद, वेबीनार, सामुदायिक सहभागिता के तहत नशे के विरूद्ध शपथ, नशे के विरूद्ध रैली, स्लोगन व बैनर सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इन कार्यक्रमों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए नशा मुक्ति के लिये जागरूक किया जायेगा।

## अब मोबाइल पर मिलेगा बिजली बिल

**बीकानेर,** (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बीकानेर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड (बीकेईएसएल) ने भी पहल की है। पर्यावरण संरक्षण के लिए उपभोक्ताओं को मासिक बिजली बिल अब मोबाइल पर मिलेंगे। इतना ही नहीं वहीं से सीधे भुगतान की सुविधा भी होगी।

कंपनी अब वॉट्सऐप और ईमेल के माध्यम से बिल भेजने की सुविधा शुरू की है। इस डिजिटल पहल से उपभोक्ता न केवल समय पर बिल प्राप्त कर रहे हैं बल्कि एक क्लिक पर भुगतान भी कर पा रहे हैं। यही नहीं उपभोक्ताओं को कैश काउंटर पर भी नहीं जाना होगा।

डिजिटल बिल में एक ऑनलाइन भुगतान बटन पहले से ही शामिल है, जिससे उपभोक्ता यूपीआई, पेटीएम, गुगल पे, फोन-पे, नेट बैंकिंग या क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। ईमेल से भेजे गए बिलों की सहायता से उपभोक्ता अपने सभी बिलों को डिजिटल रूप में सहेज सकते हैं। जबकि वॉट्सऐप पर आने वाला बिल उनके फोन में उपलब्ध रहता है।

कंपनी के सीओओ जयंत रॉय चौधरी कहा कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को वही मोबाइल नंबर रजिस्टर करना होगा, जिस पर वॉट्सऐप उपलब्ध हो। यदि उपभोक्ता का पंजीकृत मोबाइल नंबर पहले से ही वॉट्सऐप पर रजिस्टर्ड है, तो उन्हें दोबारा पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। नए उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 0141-3532000 पर कॉल कर सकते है या वॉट्सऐप नंबर 7230044001 पर संदेश भेजकर पंजीकरण करा सकते हैं।

## सार-समाचार

### कैदियों के साथ किया पौधारोपण



जेल में कैदियों के साथ विधायक जेठानंद व्यास की उपस्थिति में भाजपाईयों ने पौधारोपण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर पदाधिकारियों ने आज निर्जला एकादशी के अवसर भाजपा के एक पेड़ मां के नाम अभियान में आज बीकानेर सेंट्रल जेल के कैदियों के साथ शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अगुवाई में विधायक जेठानंद व्यास की उपस्थिति में पौधारोपण किया और जेल परिसर में ठंडा शरबत वितरण किया। शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने बताया कि आज बीकानेर जेल में पार्टी के संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम ओर मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एक पेड़ मां के नाम कैदियों के साथ पौधारोपण किया। जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने जेल में कैदियों द्वारा निर्मित मूढ़े, कार्पेट ओर भी हस्त शिल्प चीजों का अवलोकन करवाया। विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि दियों के साथ आज मिलकर उनकी दिनचर्या को देखा। कैदियों द्वारा चलाया जा रहा बैंड की धुन पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति को सुना देखकर अच्छा लगा। हमारी सरकार द्वारा जेल में कैदियों को अच्छे अवसर के साथ एक अच्छा नागरिक बनकर निकलें, ये अवसर प्रदान किए जा रहे है। आज के कार्यक्रम में महामंत्री मोहन सुराणा, श्याम चौधरी, किसान मोर्चा अध्यक्ष चंद्रमोहन जोशी, जेठमल नाहटा, जोगेन्द्र शर्मा, गजेन्द्र भाटी, मघाराम नाई, हरिकांत शर्मा, विनायक पारीक, सौरभ छाजेड़, विमल पारीक उपस्थित थे।

### कैडेट्स को सी सर्टिफिकेट बांटे




प्रो. प्रवीण विश्नोई ने एनसीसी कैडेट्स को सी सर्टिफिकेट प्रदान वितरित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज बीकानेर स्थित 1 राज आर एंड वी एनसीसी यूनिट द्वारा गुरूवार को एनसीसी की सी प्रमाण पत्र परीक्षा में उत्तीर्ण सभी एनसीसी कैडेटों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी अधिष्ठाता प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने सभी सफल कैडेट्स को एनसीसाी सी सर्टिफिकेट वितरित किये। प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि 1 राज आर.एण्ड.वी. एनसीसी यूनिट में कैडेट्स के प्रशिक्षण हेतु घुड़सवारी, हथियार प्रशिक्षण आदि सुविधाएं उपलब्ध है। जिसमें छात्रों के साथ-साथ छात्राएं भी विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले रही है। एनसीसी कैडेट्स भविष्य में राष्ट्र के सुरक्षा प्रहरी है। उनको जीवन में अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा का आदर्श स्थापित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुनीता चौधरी एएनओ, डॉ. अमित चौधरी सीटीओ, जेसीओ संजय यादव एवं हवलदार चन्द्रपाल आदि उपस्थित थे।

# नगर निगम में नियमों की अनदेखी, सफाई कर्मचारी भी बने इस्पेक्टर

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम में कर्मचारियों को प्रभार देने में वरिष्ठता और नियमों की घोर अनदेखी की गई है। भर्ती ना होने से आगे के चार्ज देने के लिए सारे नियम कानून साइड में रख दिए गए। कहीं सफाई कर्मचारी इंस्पेक्टर बन गए तो कई ऐसे भी हैं जो अपने पद से नीचे के लेवल पर काम कर रहे हैं। चार्ज देने का कोई पैमाना नहीं रहा।

- भर्ती नहीं होने से आगे के चार्ज देने के लिए नियम कानून अनदेखी कर सफाई कर्मचारी को भी इंस्पेक्टर बनाया

इन सबके बीच वार्डों में सफाई करने वाले 1450 कर्मचारियों में 900 से 1000 के बीच ही है। जबकि जरूरत 3700 सफाई कर्मचारियों की है। नतीजा, गलियों से सड़कों पर दो सप्ताह में एक बार सफाई का नंबर आता है। दरअसल नगर निगम में 11 सफाई इंस्पेक्टर हैं। 11 में सिर्फ 6 इंस्पेक्टर ऐसे हैं जो सही मायने में नियमों से लगे हैं। इनमें हितेष, अनिल, नेक मोहम्मद, रवि, ओमप्रकाश जावा और कपिल जैदिया शामिल हैं। इसके अलावा मुकेश पंवार सहायक प्रशासनिक अधिकारी हैं लेकिन इनको इनके कद से नीचे सफाई इंस्पेक्टर बनाया हुआ है। एक सफाई कर्मचारी तो पद से तीन सीढ़ी ऊपर इंस्पेक्टर बनाया गया। एक जमादार है इनको भी इनके एक पायदान ऊपर का चार्ज दिया गया। एक यूडीसी हैं ये भी लम्बे समय से इंस्पेक्टर हैं। एक और जमादार हैं उनकी की भी कहानी कुछ मिलती जुलती है। 80 जमादारों में भी कुछ ऐसे हैं जिनको पढ़ना लिखना तक नहीं आता। मगर वे जमादार हैं। ज्यादातर जमादार के पद पर सफाई कर्मचारी बैठे हैं। जो सफाई कर्मचारी जमादार बन गया वो झाडू नहीं उठाता। ऊपर से एक सफाई कर्मचारी अपने असिस्टेंट रखते हैं।

कागजों में निगम में सफाई कर्मचारियों की संख्या 1450 के आसपास है मगर वार्डों में ये 900 से 1000 के बीच ही मिलेंगे। क्योंकि करीब ढाई सौ कर्मचारी तो अफसरों की सेवा चाकरी के लिए कोठियों पर लगे हैं। इनको वापस बुलाने के लिए कितने आईएएस अधिकारियों ने कोशिश की मगर मजाल है कि इनको कोई वापस बुला ले। कुछ उद्यानों में लगे हैं वे सफाई ही नहीं करते। कुछ दफ्तरों में बाबू और सहायक कर्मचारी बने बैठे हैं।

## गौवंश के अवशेष मिलने पर रोष

**बीकानेर,** (कासं)। यहां देर रात को करीब 11:00 बजे पवनपुरी के शनि मंदिर के पीछे सड़क पर गौवंश के अवशेष बिखरे पड़े थे। पता चलने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। कुछ देर में ही गो भक्त भी मौके पर पहुंच गए। इत्तला मिलने पर व्यास कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर गाभक्तों ने रोज बताया उनका आरोप था कि गौवंश को मार कर उसके अवशेष सड़क पर फेंके गए हैं।

मोहल्ले वासियों ने बताया कि सड़क पर गौवंश का सिर, पांव पड़े थे। लेकिन कुछ देर में ही बाइक पर सवार होकर आए लोग कुछ अवशेष उठाकर ले गए। बाद में पुलिस मौके से बरामद कुछ और अवशेष गोगागेट स्थित पशु चिकित्सालय ले गई। एएसआई पूनाराम का कहना है कि मौके पर लोगों से पूछताछ में पता चला है कि तीन दिन पहले एक गाय ने बच्चे को जन्म दिया था। आशंका है कि कुत्तों ने गाय के बच्चे को मार खाया। किसी भी तरह की रिपोर्ट मिलने पर जांच की जायेगी।

# करंट से बाइक में लगी आग, युवक जिंदा जला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में करंट लगने से बाइक समेत युवक जिंदा जल गया। युवक बाइक लेकर 31 बीबी गांव से निकल रहा था। इस दौरान अचानक उसकी बाइक फिसल गई और बिजली के पोल से टकरा गई।

- गांव से निकलते समय फिसल गई गाड़ी, बिजली के पोल से टकराई

बिजली के पोल में करंट आने से बाइक में आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद करवाई लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। आग में युवक जिंदा जल गया। हादसे की सूचना पर गजसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है और युवक की पहचान करने के प्रयास में जुटी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक जैसे ही पोल के पास से गुजरा अचानक उसकी बाइक फिसल गई और पोल से टकरा गई। पोल में करंट होने के कारण युवक और बाइक करंट की चपेट में आ गए। बाइक में आग लगने से युवक जिंदा जल गया।

युवक की पहचान नहीं हो पाई है। उसकी उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि युवक सब्जी बेचने का काम करता था और रोजाना गांव में फेरी लगाने आता था। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में उसके बारे में जानकारी जुटा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के पोल में करंट आने की वजह शॉर्ट सर्किट या पोल की खराब वायरिंग है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हादसा होने की बात कही और नाराजगी जताई।

# गौशाला अनुदान में भ्रष्टाचार, जांच की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार द्वारा गौशालाओं को प्रदत्त अनुदान में पशुपालन अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग पूर्व सिंचाई मंत्री देवी सिंह भाटी ने की है।

- गौशाला अनुदान में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग पूर्व सिंचाई मंत्री देवी सिंह भाटी ने की है

इस संबंध में भाटी ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पशुपालन मंत्री, संभागीय आयुक्त बीकानेर, जिला कलेक्टर बीकानेर को पत्र लिखा है। भाटी ने बताया कि बीकानेर में पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न गौशालाओं में करोड़ों का अनुदान दिया जा रहा है। इसमें सबसे अधिक अनुदान प्राप्त करने वाली पिंजरा प्रौल, गंगा जुबली गौशाला, शरह बोरला, जयमलसर में प्रत्येक दिन के तीन हजार गौवंश का अनुदान उठाया जा रहा है लेकिन गौशाला में 40-50 से अधिक गौवंश कभी भी नहीं रहता है। पशुपालन विभाग की मिलीभगत के कारण कभी भी औचक जांच कर कार्यवाही नहीं की जाती है तथा भुगतान के समय विभाग कमीशन राशि लेकर पूरी स्वीकृत गौवंश का भुगतान कर देता है। इन गौशाला के गौवंश के कानों में टैग लगे है लेकिन ये बाहर किसानों के खेतों में भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## डोडा चूरा सहित गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (कासं)। यहां सिटी थाना पुलिस ने करीब 6 किलो अवैध डोडा पोस्ट चूरा और डंठल बरामद कर एक को गिरफ्तार किया है। इसे लेकर आरोपी के खिलाफ थाना में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से ऑपरेशन सीमा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सिटी थाना के उप निरीक्षक दिलीप सिंह गश्त दौरान जब सूरतगढ़-बीकानेर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर टिड्डी मंडल कार्यालय के पास पहुंचे तो वहां पहले से खड़ा एक शख्स पुलिस की गाड़ी को देखकर तेज कदमों से चलने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने पकड़ लिया।

# एक व्यक्ति ने की आत्महत्या, परिजनों ने लगाया धरना

**बीकानेर,** (कासं)। एक व्यक्ति के आत्महत्या करने पर उसके परिजन पीबीएम अस्पताल में मुर्दाघर के आगे धरना लगा दिया। सूर्य नाम के एक व्यक्ति के आत्महत्या करने पर उसके परिजन पीबीएम अस्पताल में मुर्दाघर के आगे पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया उनका आरोप था कि मृतक की पत्नी और ससुराल वालों ने इस कदर परेशान किया कि उसे जान देनी पड़ी। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और वहां मौजूद लोगों को समझाया। इस दौरान परिजनों ने रास्ता रोक दिया। वहां से गुजरने वाले लोगों से मारपीट भी हो गई। पुलिस ने बीच बचाव किया।

- मृतक की पत्नी और ससुराल वालों के परेशान करने का आरोप

**वाहनों में आग लगाने के तीन आरोपी गिरफ्तार :** बीकानेर में नयाशहर थाना पुलिस ने खड़े वाहनों में आग लगने वाले तीन आरोपियों को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया है। 14 मई की देर रात को अज्ञात लोगों ने एक बाइक और स्कूटी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। वारदात के बाद अभियुक्त फरार हो गए थे। पुलिस ने मौके से सीसीटीवी खंगाले और अभियुक्त की तलाश में जुट गई। छानबीन करने के बाद वारदात को अंजाम देने वाले सुजानदेसर निवासी कुलदीप गहलोत, रामकिरोड़ीवाल माली और गणेश गहलोत उर्फ बाबू गहलोत को गिरफ्तार कर लिया है।

**दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा :** श्रीगंगानगर के कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी तुषार जैन निवासी मुखर्जीनगर को गिरफ्तार किया। नाबालिग की माता की ओर से केस दर्ज करवाया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी ने 2021 में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर नाबालिग से दुष्कर्म किया। इसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इसके बाद अलग-अलग होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया।

# विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर मूट कोर्ट के नवीनीकृत कक्ष का लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के 22 वें स्थापना दिवस की कड़ी में आज विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्कूल ऑफ लॉ विभाग में कुलगुरू प्रो. मनोज दीक्षित व वित्त नियंत्रक अरविंद बिश्नोई की उपस्थिति में मूट कोर्ट के नवीनीकृत कक्ष का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मूट कोर्ट का नाटकीय जीवंत मंचन किया।

इस अवसर पर कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में विधि के व्यावहारिक ज्ञान में उत्तरोतर वृद्धि के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य भी करेगी। उन्होंने विधि विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वे विद्या अर्जन के बाद न्याय की इस परिकल्पना को आगे बढ़ाये की पीड़ित व्यक्ति को न केवल न्याय मिलना चाहिए अपितु उसका अहसास



महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर मूट कोर्ट के नवीनीकृत कक्ष का लोकार्पण कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने किया।

- विद्यार्थियों ने मूट कोर्ट का नाटकीय जीवंत मंचन किया

भी होना चाहिए कुलसचिव अरविंद बिश्नोई ने इस प्रस्तुति को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक बताया और प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

विभाग के निदेशक डॉ. रविन्द्र मंगल ने विभाग की सभी गतिविधियों की जानकारी दी और आगामी सत्र की कार्य योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रो. अनिल छंगानी, डॉ धर्मेश हरवानी, डॉ प्रभुदान चारण, डॉ ज्योति हरवानी, डॉ अभिषेक वशिष्ठ, डॉ संतोष शेखावत, डॉ सुरेन्द्र गोदारा, डॉ प्रकाश सहारण, मुकेश पुरोहित सहित विभाग के अतिथि प्राध्यापक व विश्वविद्यालय के कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद थे। विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह की श्रृंखला के तहत आज विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में 50 लाख रूपए की लागत से तैयार अंतरराष्ट्रीय स्तर के बॉस्केटबॉल मैदान का लोकार्पण विश्वविद्यालय कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा किया गया।

## दूषित पानी की सप्लाई पर धरना

**अनूपगढ़,** (कासं)। गांव 10 के में स्थित वाटर वर्क्स की डिग्गियों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डिग्गियों में मृत पशु पड़े रहते हैं और गंदगी भरी हुई है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने वाटर वर्क्स परिसर में धरना दिया।

उन्होंने स्वयं डिग्गी की सफाई भी की। ग्रामीणों का कहना है कि वाटर वर्क्स के ठेकेदार को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया। मगर अब ठेकेदार न तो फोन उठा रहा है और न ही मौके पर आ रहा है। दूषित पानी से बीमारी फैलने की आशंका जता रहे ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से डिग्गी को साफ किया है। एईएन गौरव कम्बोज और जेईएन अनिल देव ने बताया कि अनूपगढ़ शाखा में पानी छोड़ा गया है। अब डिग्गियों में नया पानी भरा जायेगा। जलदाय विभाग के अधिकारियों ने कहा-कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल सप्लाई करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब सरकार पूरे देश में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान चला रही है।


**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / निर्माण / 2025-26 / 8921 दिनांक 04.06.2025

**ई- निविदा-सूचना सं0 40/2025-26**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 40.00 लाख

UBN Number :- DLB2526WSOB06890

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद / सी / 25 / 3783



**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

दाहोद रोड, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in
क्रमांक : एफ( )/कृअके/2025-26/123-128 दिनांक 31.05.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2025 प्रात: 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रात: 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| फल अनुसंधान केन्द्र, जलदाय विभाग के पीछे, बांसवाड़ा तथा कृषि अनुसंधान केन्द्र बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर संचालित कपास, मक्का, PVT परियोजना में कृषि कार्य। | 723575/- | 14500/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान



**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
दाहोद रोड, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001
Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in
क्रमांक : एफ( )/कृअके/2024-25/129-134 दिनांक 03.06.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2025 प्रात: 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रात: 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म बांसवाड़ा पर संचालित बी.टी. कपास परियोजनाओं में कृषि कार्य। | 7,00,000/- | 14,000/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान